मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या—cm-376
24/10/2019

मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों के साथ पटना में हुये जलजमाव से संबंधित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की

पटना, 24 अक्टूबर 2019 :— मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मुख्य सचिवालय स्थित सभागार में पटना में अतिवृष्टि से हुये जलजमाव के संबंध में पटना के जनप्रतिनिधियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज की बैठक में सभी जनप्रतिनिधियों ने पटना में जलजमाव से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव दिये हैं। पिछले 14 अक्टूबर को पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक हुयी थी, जिसमें विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा हुयी थी। उसमें यह निर्णय लिया गया था कि विकास आयुक्त की अध्यक्षता में एक कमिटी बनेगी, जिसमें प्रधान सचिव पथ निर्माण, प्रधान सचिव आपदा प्रबंधन एवं प्रधान सचिव वित्त विभाग इसके सदस्य होंगे। कमिटी मुख्य रूप से दो बिन्दुओं पर रिपोर्ट देगी, जिसमें एक पटना में जलजमाव के कारणों एवं कमियों तथा इसके लिये दोषी लोगों के संबंध में प्रतिवेदन देगी। दूसरे बिन्दु में कमिटी भविष्य के लिये ऐसी कार्ययोजना के संबंध में प्रस्ताव देगी, जिससे जलजमाव की परेशानी नहीं हो। कमिटी इसके लिये आमलोगों एवं विशेषज्ञों से भी बात कर दीर्घकालिक योजना बनायेगी, जिससे शहर का ड्रेनेज सिस्टम दुरूस्त हो सके। यह कार्ययोजना पटना शहर के अलावा अन्य प्रमुख शहरों के लिये भी कारगर हो। उन्होंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों ने अपने अनुभव एवं क्षेत्र में सर्वेक्षण के आधार पर महत्वपूर्ण सुझाव दिये हैं, जिसे पदाधिकारी अपनी कार्ययोजना में शामिल कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि जलजमाव के विभिन्न कारणों की चर्चा की गयी है, जिसमें नालों की उड़ाही प्रमुख है। बादशाही नाले सहित सभी नौ नालों को हर हालत में रिवाइव करना होगा। कुछ क्षेत्र में अभी भी जलजमाव की स्थिति बतायी जा रही है, जिसे जल्द से जल्द दूर किया जाय। उन्होंने कहा कि सभी विभागों को आपस में बेहतर समन्वय बनाकर काम करना होगा। मुख्यमंत्री पक्की गली—नाली योजना के ठीक ढंग से कार्यान्वयन के लिये सभी वार्ड पार्षद, स्थानीय विधायकों के सुझाव को भी शामिल किया जाय। उन्होंने कहा कि हमलोगों का उद्देश्य हर घर तक पक्की गली—नाली का निर्माण करना है। उन्होंने कहा कि जलजमाव एवं पटना की जल निकासी की व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिये शॉट टर्म एवं लॉग टर्म दोनों प्लानिंग पर काम करना होगा। इसे जल्द से जल्द तैयार कर लें और जनप्रतिनिधियों के साथ एक बार फिर से बैठक कर लें ताकि इसे अंतिम रूप दिया जा सके एवं सभी के सुझावों को भी इसमें शामिल किया जा सके। वार्ड पार्षदों के साथ भी पदाधिकारीगण बैठक कर लें ताकि उनके सुझाव भी सामने आ सकें। अगली बरसात के पूर्व लॉग टर्म प्लानिंग का भी अप्रुवल हो जाना चाहिये। ड्रेनेज सिस्टम को और सुदृढ़ करने के लिये तेजी से कार्य करें ताकि आगे लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

समीक्षा बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, केन्द्रीय मंत्री एवं सांसद श्री रविशंकर प्रसाद, पथ निर्माण मंत्री श्री नंदकिशोर यादव, स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पाण्डेय, राज्यसभा सांसद श्री आर0के0 सिन्हा, सांसद श्री रामकृपाल यादव, विधायक श्री अरूण कुमार सिन्हा, विधायक श्री नितिन नवीन, विधायक श्रीमती आशा सिन्हा, विधायक श्री संजीव

चौरसिया, विधान पार्षद श्री रणवीर नंदन, मेयर पटना नगर निगम श्रीमती सीता साहू ने अपने सुझाव दिये।

बैठक में ऊर्जा मंत्री श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, नगर विकास एवं आवास मंत्री श्री सुरेश शर्मा, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, विकास आयुक्त श्री अरूण कुमार सिंह, प्रधान सचिव पथ निर्माण श्री अमृत लाल मीणा, प्रधान सचिव आपदा प्रबंधन श्री प्रत्यय अमृत, प्रधान सचिव स्वास्थ्य श्री संजय कुमार, प्रधान सचिव वित्त श्री एस0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, सचिव नगर विकास श्री आनंद किशोर, सचिव जल संसाधन श्री संजीव कुमार हंस, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, आयुक्त पटना प्रमण्डल श्री संजय अग्रवाल, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, जिलाधिकारी पटना श्री कुमार रवि, बुडको के प्रबंध निदेशक श्री चन्द्रशेखर सिंह, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, पटना नगर निगम के आयुक्त श्री अमित कुमार पाण्डेय सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

******